51

प्रषक

वरिष्ठ नगर योजनाकार,
हिसार परिमण्डल,हिसार।

सेवा में

लज्जा राम शिक्षा संस्थान
गांव पिंडारा, जिला जीन्द ।

यादि क्रमांक:-775 दिनांक:11.08.08

विषय: अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने बारे– लज्जा राम शिक्षा संस्थान,गांव पिंडारा, जिला जीन्द ।

हवाला: जिला नगर योजनाकार, जीन्द कार्यालय के यादि क्रमांक--2671 दिनांक 8.8.08 के सन्दर्भ में।

अवगत करवाया जाता है कि जिला नगर योजनाकार, जीन्द कार्यालय से हवालाधीन पत्र के अन्तर्गत प्राप्त रिपोर्ट अनुसार आप द्वारा गांव पिंडारा जिला जीन्द के मुरब्बा नं0–50 के किला नं0–20, 11 व 22 की 13 कनाल भूमि व किला नं0–19, 12 में से 3 कनाल भूमि कुल भूमि 16 कनाल नें गैर मुमकिन भूमि में स्कूल चलाने के लिए है । प्राप्त रिपोर्ट अनुसार स्थल जीन्द से गोहाना जाने वाली अनुसूचित सड़क 2 करम चौड़े रिवैन्यू रास्ते से पहुंच उपलब्ध है । आयुक्त एवं सचिव, नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग, हरियाणा, चण्डीगढ़ के पत्र क्रमांक–7/16/2006–2 टी0 सी0 पी0 दिनांक 27.3.08 के अनुसार 2 करम चौड़े रिवैन्यू रास्ते से पहुंच ठीक है । प्राप्त रिपोर्ट अनुसार अधिनियम, 1975 की धारा–7(i) व (iii) की उल्लंघना नहीं बनती है । अतः प्राप्त रिपोर्ट एवं दस्तावेजों के मध्यनजर विषयक स्थल पर आप द्वारा शिक्षा संस्थान चलाने के लिए निम्नलिखित शर्तों के आधार पर इस कार्यालय को कोई आपत्ति नहीं है ।

1. यह अनापत्ति प्रमाण पत्र विषयक स्थल पर लागू अन्य विभागों के एक्टस एवं धाराओं से छूट प्रदान नहीं करता है ।
2. विषयक स्थल के नियन्त्रित क्षेत्र में आ जाने पर नियन्त्रित क्षेत्र से सम्बन्धित नियम एवं कानून लागू होंगें ।
3. विकास शुल्क एवं अन्य कोई राशि इस विभाग द्वारा मांगे जाने पर 30 दिन के अन्दर अन्दर देय होगी ।
4. आवेदित स्थल से सम्बन्धित पहुंच एवं दूरियां सम्बन्धित विभाग द्वारा चैक एवं वैरिफाई किए जाएंगें ।
5. उपरोक्त किसी भी शर्त को पूरा ना किए जाने की हालात में यह अनापत्ति प्रमाण पत्र अपने आप रद्द हो जाएगा ।

वरिष्ठ नगर योजनाकार,
हिसार परिमण्डल,हिसार।

पृ0 क्रमांक दिनांक

प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवम् आवश्यक कार्यवाही हेतू प्रेषित की जाती है।

1– वरिष्ठ नगर योजनाकार, ई एण्ड वी. हरियाणा, चण्डीगढ़।
2– जिला नगर योजनाकार, जीन्द को हवालाधीन पत्रों के संदर्भ में ।

वरिष्ठ नगर योजनाकार,
हिसार परिमण्डल,हिसार।

Principal
Shri Lajja Ram Bashesar Dass
Gurukul Vidyapeeth,
Tirth Pandu-Pindara,Jind